हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024



तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 17.4 डिग्री


10 सीईओ ने पीएम आवास योजना के कार्यों का किया निरीक्षण





13 शिक्षा नहीं, भोजन की गांरटी बन गए हैं सरकारी स्कूल



## खबर संक्षेप

### मांस विक्रय दुकानें 7 व 18 दिसंबर को बंद रहेगी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें दिसम्बर माह के 2 तिथियों में बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत संत तारण तरण जयंती 7 दिसम्बर दिन शनिवाद एवं गुरू घांसीदास जयंती 18 दिसम्बर दिन बुधवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा।

### चाकू लेकर घूमने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** चाकू लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि बाजार चौक डबरा पारा भिलाई 3 में हिमांशु तिवारी नामक युवक द्वारा अपने पास रखे चाकू को लहरा रहा था।आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा था। भिलाई तीन पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तुरंत पहुंची और हिमांशु को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक चाकू जब्त किया है। वहीं दूसरी घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वार्ड 13 राम नगर आजाद चौक वैशाली नगर निवासी जॉ निसार खान उर्फ बहादुर खान को चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा गया है।

### बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

**भिलाई।** भिलाई तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने अधेड को जोरदार ठोकर मारने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम ननकठ्ठी और बोडेगांव पुल के पास तेज रफ्तार से बाइक चालक आ रहा था। इस दौरान अर्जुन रावत को बाइक चालक ने ठोकर मार दी। सूचना पर डायल 112 से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के बाद अर्जुन की मौत हो गई।

### सरकारी वाटर मीटर का चोरी, एक गिरफ्तार

**भिलाई।** सरकारी वाटर मीटर चोरी करने वाला तीन अपचारी बालक और एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331 (4),305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुकुट नगर तितुरडीह दुर्ग से सरकारी वाटर मीटर की चोरी हो गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसी कैमरे का फुटेज खोजने पर तीन अपचारी बालको को पकड़ा गया। बालको ने पुलिस को बताया कि कबाडी दुकान में वाटर मीटर को बेचना बताया है। कबाडी दिलबाग सिंह उर्फ बागे ने सरकारी वाटर मीटर खरीदना स्वीकार किया। पुलिस 11 वाटर मीटर जब्त किया है। 8 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एस आई पारस ठाकुर, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे, वेदराम बंदे, विश्वजीत टंडन, विनित तिवारी मौजूद थे।

# ठगी से बचने प्रदेशभर के लोगों को जागरूक करेगा साइबर रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एसबीआई और दुर्ग पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सेक्टर 1 एसबीआई बैंक के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग ने भी साइबर जागरूकता पर लोगों को इस तरह के अपराधों से बचने के टिप्स भी दिए। जागरूक करने के लिए साइबर रथ निकाला गया। रथ को आईजी रामगोपाल गर्ग और अन्य अधिकारियों ने झंडा दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में आए कलाकार रथ के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए चले। आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि साइबर ठग से बचाव के लिए दुर्ग पुलिस लगातार साइबर कैंपेन चला रही है। एसबीआई ने 2 महीने तक प्रदेश भर में भ्रमण करने एक साइबर रथ निकाला। इस रथ के जरिए लोगों को साइबर से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर क्राइम कैसे होता है। उसके बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा बचाओ के उपाय भी बताए जा रहें है। आईजी ने कहा कि पुलिस और बैंकों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड रोकने और जांच करने में आसानी होगी।

### आईजी ने रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

#### नुक्कड़ नाटक से करेंगे जागरुक

एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक माधव नंद परीडा ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को साइबर ठग से बचाया जाए। साइबर ठग तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को अपने झांसे में ले रहा है। इसलिए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए साइबर रथ को रवाना किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान पूरे प्रदेश में 2 महीने तक चलेगा।



### प्रशासन ने बरती सख्ती तो मिलर भी अड़े, खरीदी केन्द्रों की हालात खराब

# राइस मिल में छापामारी से बौखलाए मिलर, डीएमओ कार्यालय को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में बंफर धान की आवक के बाद भी उठाव नहीं होने से परेशान जिला प्रशासन ने दो राईस मिल में गुरूवार को छापामार कार्यवाही की हैं। प्रशासन के इस कार्यवाही से बौखलाए मिलरों ने डीएमओ कार्यालय का घेराव कर दिया। उन्होने एक बार फिर राज्य शासन के बीच हुए सुलह के कुछ बिन्दुओं को गिनाया और अब तक आदेश जारी नही होने का हवाला देकर धान उठाव से हाथ खडे कर दिए हैं। मिलरों के इस रवैय्ये से प्रशासन की चुनौती बढ गई हैं। इधर आगामी दिनों सोसायटी प्रबंधक और किसानों का गुस्सा फूट सकता हैं।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर गुरूवार को तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता जेवरा सिरसा स्थिति दो राईस मिल में छापामार कार्यवाही की हैं। तहसीलदार ने बताया कि, इस दौरान स्टाक मिलान और अन्य बिन्दुओं पर जांच की गई हैं। प्रशासन के इस कार्यवाही से मिलरों में हडकंप मच गया और सैकडों मिलर डीएमओ कार्यालय ज्ञापन देने पहुंच गए। बहरहाल जिले के 90 केन्द्रों में पैर रखने की जगह नही हैं, वही किसानों को जगह नही होने के कारण टोकन नही दिया जा रहा हैं। एकतरफ जहां जिला प्रशासन उठाव कराने में फेल हैं, वही दूसरी तरफ राईस मिलर अपनी मांगों को लेकर अडे है। कुल मिलाकर इन दोनों के बीच किसान पिसे जा रहे है। कई दिनों से मिंजाई करने के बाद धान को सुरक्षित रखने किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया हैं। धान को चूहे चट कर रहे हैं, वही घर में धान रखने की जगह नही होने के कारण किसानों को नुकसान होगा। किसान शासन के नित नए गाइडलाइन को लेकर परेशान हो गए हैं। आने वाले दिनों में अगर उपार्जन केन्द्र से धान उठाव नही हुआ तो खरीदी बंद हो सकती हैं। पडौसी जिला राजनांदगांव में धान उठाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई हैं। लेकिन दुर्ग में प्रशासन की लचर रवैय्ये से किसान परेशान हैं।

### जिले में 102 धान खरीदी केंद्र में से 90 में जगह नहीं, नहीं उठा एक दाना धान



#### न टोकन मिल रहा और न उठाव, पन्द्रह दिन फुल

बोरसी के किसान रेवतीलाल निषाद ने बताया कि, उनका आठ एकड का फसल है। लेकिन उन्हें एक भी बार टोकन नही मिला हैं। उन्होने बताया कि, आनलाइन में पन्द्रह दिन तक फुल दिख रहा हैं, वही सोसायटी में भी टोकन नही मिल रहा हैं। इधर किसानों को न टोकन दे रहे है और ने धान उठाव को लेकर प्रशासन गंभीर है। जिससे धान खरीदी पूरी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

#### मौखिक आदेश पर हो रहा खेल

प्रदेश से सोसायटियों को रोज खरीदी का मौखिक आदेश दिया जा रहा हैं। जिले में गुरूवार को खरीदी की रोजाना लिमिट कम कर दी है। पहले जिस सोसायटी में रोजाना सात सौ क्विंटल खरीदी होती थी, उसे तीन सौ क्विंटल खरीदने कहा जा रहा हैं। जिले में एक लाख 22450 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा हैं। अगर इसके अनुसार खरीदी हुई तो प्रति हेक्टेयर 77.50 किलो के हिसाब से 94 लाख 67653 क्विंटल खरीदी होगी। जबकि पंजीकृत रकबे की तुलना करे तो अभी तक सिर्फ 31538 किसानों से 14 लाख 92550 क्विंटल की खरीदी हुई हैं। यानि पंजीकृत रकबे पर सिर्फ सोलह फीसदी खरीदी हुई हैं। दिसंबर और जनवरी में सिर्फ 44 दिन खरीदी होगी, जिसमें पांच दिन निकल चुका हैं। ऐसे में शेष बचे 39 दिन में प्रतिदिन दो लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदना होगा। जबकि वर्तमान में सिर्फ एक लाख तक ही खरीदी सीमित हैं।

#### जब तक आदेश नहीं, एग्रीमेंट भी नहीं होगा

प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन ने जिला राईस मिल के सदस्यों से कहा गया है कि, फिलहाल पंजीयन ही कराए, जबकि एग्रीमेंट कराए बगैर डीएमओ उठाव के लिए डीओ जारी नही कर सकते हैं। मिलरों का कहना है कि, राज्य शासन से जिन बिन्दुओं पर सहमति बनी थी, वर्तमान में उसका अब तक आदेश जारी नही हुआ हैं। जिसके कारण जिलेभर के राईस मिलरों ने एग्रीमेंट से हाथ खडे कर दिए हैं। वर्तमान में सिर्फ डेढ दर्जन ने ही पंजीयन के लिए आवेदन दिया हैं।

#### इन बिन्दुओं पर रखी अपनी मांगें

गुरूवार को जिले के राईस मिलरों ने डीएमओ भौमिक बघेल को ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें उन्होने कहा है कि, मुख्यमंत्री द्वारा बैठक में राईस मिलर्स महासंघ में आश्वासन प्राप्त उपरांत छ. ग. प्रदेश के राईस मिलर्स द्वारा समितियों के बारदाना जमा करने एवं मिल पंजीयन के कार्य को चालू कर दिया गया है, लेकिन अभी भी कई विषयों पर संशय बना हुआ है। जिसमें विगत तीन वर्षों से मिलरों के बहुत से मदो का कस्टम मिलिंग संबंधी भुगतान आज तक अप्राप्त है। जिसमें बारदाना जमा एवं बारदाना चार्ज, कस्टम मिलिंग भुगतान फोर्टिफाइड राईस का भुगतान ट्रांसपोर्टिंग का भुगतान शामिल है। वर्ष 2024-25 में धान उठाव तथा चावल जमा पर पेनाल्टी लगाई जा रही है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। बारदाना जमा की गणना गलत करने तथा आगामी वर्ष 2024-25 खरीफ वर्ष के लिए प्रोत्साहन राशि के बारे में लिखित आदेश अभी तक अप्राप्त है। धान उठाव पर लगने वाली पेनल्टी पर भी अभी तक सकारात्मक आदेश अप्राप्त है। इन तमाम मांगे पूरी नही होने से मिलर उठाव नही कर रहे हैं।

#### मांगें पूरी नहीं


प्रदेश राईस मिल ने हमें सिर्फ पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं, हमारी मांग पूरी होने के बाद ही एग्रीमेंट करेगें। शासन के समक्षा रखी गई मांगों का अब तक आदेश जारी नही किया गया हैं। इसी मांग को लेकर डीएमओ से मिले थे।

**-विनित जैन,** अध्यक्ष, जिला राईस मिल संघ

### जांच के बाद डीईओ ने की कार्रवाई

# बालिकाओं से बेड टच मामले में हेडमास्टर हुआ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला बोरिया गेट सेक्टर 4 भिलाई में स्कूल की बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार व बेडटच तथा मारपीट करने की मामले में हेडमास्टर रामकृष्ण चन्द्राकर को निलंबित कर दिया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इस मामले में शिकायत के बाद जिला शिक्षा विभाग ने जांच करवाई थी।

#### आरोप सही पाने के बाद कार्रवाई

स्कूली बालिकाओं के साथ बेडटच और मारपीट की शिकायत की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने टीम बनाई थी। शिकायत के संबंध में प्रारंभिक जॉच गोविंद साव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग एवं संध्या ढीढी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग से कराया गया। जॉच प्रतिवेदन के अनुसार श्री चन्द्राकर द्वारा छात्राओं के साथ छेडछाड करने, बैड टच करने का आरोप सही पाया गया है जो कि छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है।

#### सिविल सेवा नियम के आधार पर कार्रवाई

हेडमास्टर चन्द्राकर को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत वर्तमान पद पर पदस्थ रखना लोकहित में उचित नहीं होगा। रामकृष्ण चन्द्राकर, प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला बोरिया गेट, सेक्टर 4 भिलाई. विकास खंड दुर्ग, जिला-दुर्ग के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना है। जिसके तहत चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने जारी किया है।

#### बीईओ पाटन में भेजा

निलंबन अवधि में रामकृष्ण चन्द्राकर का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन, जिला-दुर्ग निर्धारित किया गया है। चन्द्राकर को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पाटन बीईओ में हेडमास्टर चंद्राकर की हाजिरी होती रहेगी।

#### जेल में बंद हैं आरोपी हेडमास्टर

आरोपी हेडमास्टर रामकृष्ण चंद्राकर इन दिनों जेल में निरूद्ध हैं। पॉस्को एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की थी और कोर्ट में पेश किया था। हेडमास्टर के खिलाफ बालिकाओं के पालकों ने मोर्चा खोला था और पुलिस में इसकी शिकायत की थी। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित थाने में कार्रवाई की गई और आरोपी हेडमास्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से उसे जेल भेजा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि चूंकि आरोपी के खिलाफ पहले से ही पालकों की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई हो चुकी है। इसलिए विभाग की तरफ से दोबारा एफआईआर दर्ज करवाने की जरूरत नहीं पड़ी।

# दुकान और फैक्ट्री में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना





अलग-अलग 6 दुकानों के चोरी मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक समेत तीन आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने फैक्ट्री का लोहा और नकदी जब्त किया है। घटना का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से लगातार चोरियां हो रही थीं। 26 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच चोरों ने किराना और अन्य दुकानों के ताला तोड़कर नगदी रकम और सामान चोरी कर फरार हो गए थे। इसके अलावा चोरों ने फैक्ट्री के भीतर प्रवेश कर लोहे का स्क्रैप मिला है। पुलिस के आरक्षकों ने सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध किस्म के युवक दिखने पर खोजबीन शुरु किया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने साइकल से जा रहे तीन युवकों को पकड़ा गया। युवकों को थाने लाने के बाद पूछताछ करने पर अपना नाम गुरु घासीदास नगर तालाब के पास कुरुद जामुल निवासी सुखिया कुर्रे उर्फ मलिंगा होना बताया उसने बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि अपने दो अपचारी बालको के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटना को अंजाम स्वीकार किया। अपने दो अन्य साथी प्रदीप और हरीश सोनी उर्फ विक्की फैक्ट्री के भीतर घुसकर चोरी करना बताया है। जामुल पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 हजार रुपए का लोहा समेत कुल 72 हजार रुपए का सामान जब्त किया है।

### निगम में पदोन्नति

**भिलाई।** नपानिभि के महापौर परिषद के अधिकारिता के अधीन गठित पदोन्नत समिति के बैठक के लिए निर्णयअनुसार पदोन्नति दी गई है। सुनील जैन सहायक अभियंता को कार्यपालन अभियंता एवं के.के.गुप्ता सहायक अभियंता से कार्यपालन अभियंता तथा रीता चतुर्वेदी को सहायक ग्रेड-2 से सहायक कार्यालय अधीक्षक/सहायक ग्रेड-1 के पद पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पदोन्नत किया गया।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


### 27 लोगों की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई, स्मृति नगर पुलिस कर रही है जांच

# 1.6 करोड़ की ठगी मामले में डॉ. खंडूजा की दोबारा गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रकम इंवेस्ट करने के नाम पर जिले भर के लोगों के साथ ठगी कर फरार होने वाले डॉ एमके खंडुजा को पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 406, 409,420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि भिलाई-दुर्ग के 27 लोगों ने डॉ एमके खंडूजा को अपोलो बीएसआर में इनवेस्ट रकम इंवेस्ट करने के नाम पर 1 करोड़ 6 लाख रुपए दिया था। लेकिन कुछ दिनों ने उक्त लोगों को डॉ खंडूजा ने इसका लाभ भी दिया। मगर समय बीतने पर लाभ का रकम देने बंद कर और अस्पताल को बेचकर फरार हो गया था। लेकिन पुलिस ने उसे कलकत्ता से गिरफ्तार कर लाने के बाद स्मृति नगर पुलिस थाने में लोगों ने लिखित में शिकायत किया। जिसके आधार पर स्मृति नगर पुलिस ने दोबारा डॉ एमके खंडूजा को गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि डॉ एमके खंडूजा द्वारा सौ करोड़ से भी अधिक की राशि का ठगी करने का आरोप है। जिस तरह समय बीत रहा है लोग इसके खिलाफ शिकायत करने धीरे-धीरे पहुंच रहें है। डॉ एमके खंडूजा के कंपनी में रकम इंवेस्ट करने वालों में सरकारी नौकरी वाले अधिक है। नौकरी पेशा वालों को डॉ एमके खंडूजा झांसे में लेकर उनकी कमाई को कंपनी में लगाने के नाम पर ठगी कर लाभ का हिस्सा देने का वायदा किया था। कई लोग अब भी डॉ पर भरोसा जताते हुए रकम वापसी करने को लेकर पुलिस में शिकायत नहीं कर रहें है।

#### अस्पताल बेचकर हुआ था फरार



जानकारी के मुताबिक डॉ. खंडूजा पर बैंक का भी बहुत बड़ा कर्ज था। इसे चुकाने के लिए उसने लोगों को झांसा देकर उनसे पैसे लिए। इसके बाद उसने बैंक का कर्ज चुकाया और फिर पूरा अस्पताल हाईटेक के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल और मित्तल के डायरेक्टर आशीष मित्तल, सुमन मित्तल को बेच दिया। यहां से मोटी रकम लेने के बाद उसने लोगों से लिए गए पैसे वापस नहीं किए। भिलाई से फरार हो गया। उसका बेटा रोहितास खंडूजा और पत्नी भी अपोलो के डायरेक्टर थ। पुलिस ने उसे पश्चिम बंगाल से डॉ एमके खंडूजा को छावनी पुलिस पकड़कर लाई थी। इसके बाद इसके खिलाफ ठगी की लगातार शिकायत मिल रही है।

#### सेवानिवृत्त को पहले बनाया टारगेट

डॉ. खंडूजा पहले बीएसपी में डॉक्टर था। इसके चलते अपनी अच्छी पकड़ बनाई। इसके बाद नौकरी छोड़कर पावर हाउस में एक छोटा सा क्लीनिक खोला। खंडूजा बीएसपी से सांठगांठ कर वहां से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की सूची ली। इसके बाद उन लोगों से संपर्क करता था। अपोलो बीएसआर में इंवेस्ट करने का झांसा देकर उनकी जीवनभर की पूंजी को 3-5 प्रतिशत ब्याज देने का वादा कर ठगी किया। ऐसा करके एमके खंडूजा ने दुर्ग जिले समेत रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव के बड़े ग्रुप संचालकों और डॉक्टरों से भी मोटी रकम इंवेस्ट कराया।

#### शिकायत पर हुई कार्रवाई

लगातार शिकायते मिल रही है। डॉ खंडूजा के खिलाफ करीब 27 लोगों ने रकम इंवेस्ट करने के नाम पर 1 करोड़ 6 लाख रुपए का ठगी की जानकारी दी।उसी आधार पर पुलिस ने जांच कर उसे दोबारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आने वाले दिनों इसमें बड़े खुलासे हो सकते है। मामले की जांच जारी है।

**सत्य प्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई नगर


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक 26 को

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जिला शाखा दुर्ग की जिला प्रबंध समिति 2024-27 वर्ष का गठन किया जाना है। इस हेतु इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के सामान्य सभा की बैठक 26 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 2 बजे खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग ( मालवीय नगर चौक के पास सभागार) में आयोजित की गई है। बैठक में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक, उप संरक्षक, आजीवन सदस्य को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है। बैठक में प्रवेश हेतु यथा मान्य पहचान पत्र जिसके अंतर्गत आधार कार्ड, लाइसेंस, पेन कार्ड, पासफोर्ट, वोटर आईडी, बैंक आफिस, विभाग के द्वारा जारी की गई परिचय पत्र, इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र साथ लाना होगा।

### सेल में बढ़ाया हौसला



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कॉर्पोरेट ऑफिस में भी विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' मनाया। आयोजन कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत किया। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### देवादा में मितानिनों का किया गया सम्मान



**सेलुद।** ग्राम पंचायत देवादा में मितानिन सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता सुआ नृत्य पंथी नृत्य आयोजित किया गया। मितानिन सम्मान उषा वर्मा रत्ना वर्मा एमटी भुनेश्वरी साहू के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका रोहिणी वर्मा त्रिवेणी यादव हेमीन देशलाहरे सुनीता साहू प्रभा वर्मा शुशीला वर्मा संगीता चेलक ब्रिज साहू स्वास्थ्य के क्षेत्र मे योगदान देने वाले रेणु वर्मा ज्योति वर्मा कंचन वर्मा नागेंद्र वर्मा बालमाकुंड वर्मा छगन धुरंधर स्वक्षता प्रहरी मदन यादव शिक्षा के क्षेत्र में संकल्प एक प्रयास के तहत सोनल वर्मा आस्था वर्मा रोशनी वर्मा प्रिया वर्मा अर्चना वर्मा का विशेष योगदान रहा मध्यान भोजन में विशेष योगदान के लिए खेमिन वर्मा हेमिन यादव सुशीला यादव अंजनी वर्मा आदि मौजूद थे।

# पार्टी में बवाल: आप पार्टी के लोस अध्यक्ष ने शहर अध्यक्ष को किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह को लोकसभा अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने आगामी छः साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं। पार्टी के खिलाफ भ्रामक प्रचार और अनुशासनहीनता का हवाला देकर लोकसभा अध्यक्ष ने शहर अध्यक्ष को निष्कासित कर दिया है। इस कार्यवाही के बाद पार्टी दोनो पदाधिकारी आपस में आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

आम आदमी पार्टी ने आज दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह को आम आदमी पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने का निर्णय लिया हैं। दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉ एसके अग्रवाल द्वारा तीन दिन पूर्व पार्टी विरोधी गतिविधियों करने की कारण संजय सिंह को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र जारी किया गया था। जिस पर उन्होंने आज दिनांक तक कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए लोकसभा अध्यक्ष ने 5 दिसंबर 2024 को संजय सिंह को 6 वर्ष के लिए आम आदमी पार्टी से निष्कासित किया I डां एसके अग्रवाल ने बताया कि, विगत कुछ दिनों से संजय सिंह के द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों की जा रही थी। जिसके कारण आम आदमी पार्टी आगे बढ़ाने के बजाय पार्टी को नुकसान हो रहा था। संजय सिंह के द्वारा किए गए कुछ पार्टी विरोधी कार्य किए जा रहे थे।

## आम आदमी पार्टी में फूट, चुनाव के पहले हटाए गए शहर अध्यक्ष

### इसलिए की गई कार्रवाई



लोकसभा अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने बताया कि, उनके द्वारा पार्टी की छवि घूमिल करने, पार्टी में अनुशासनहीनता बरतने, पार्टी में गुटबाजी करने के कारण संजय सिंह को निकलने का निर्णय लिया गया। किसी गुप्त उद्देश्य को लेकर आम आदमी पार्टी में वह प्लांट किए गए थे। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक में सहयोग नहीं करना। जनसंपर्क के कार्यक्रम का किया तो उनके द्वारा विरोध किया। उनके द्वारा पार्टी की कार्यकर्ताओं को अलग-अलग गुट बनाकर पार्टी के दो हिस्सों में बांटने का प्रयास किया व अलग कार्यालय खोलने का प्रयास जैसे कारण हैं।

### शहर अध्यक्ष ने कहा- उन्हें अधिकार नहीं



लोकसभा अध्यक्ष द्वारा शहर अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित किए जाने के मामले में प्रदेश संगठन मंत्री एवं संभाग प्रभारी संजीव विश्वकर्मा लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है। उन्होने लोकसभा अध्यक्ष से जवाब तलब किया है। जिसमें तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा हैं। पूछा गया है कि, प्रदेश कमेटी द्वारा अनुमति लिए बगैर शहर अध्यक्ष को नोटिस जारी क्यों किया गया। लोकसभा अध्यक्ष को निष्कासित करने का अधिकार नहीं। बिना प्रदेश कमेटी एवं केंद्रीय कमेटी के किसी विषय को संज्ञान में दिए बगैर, अनुमति के आप जिला अध्यक्ष को निष्कासित नहीं कर सकते। संजीव विश्वकर्मा ने कहा है कि, शहर अध्यक्ष यथावत बने रहेगें।

## संगठन चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में होना चाहिए: भूपेंद्र सवन्नी

# मंडल अध्यक्ष के लिए नहीं होगी पैराशूट लैडिंग, रायशुमारी से होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला संगठन चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में गुरूवार को कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस दौरान संभाग प्रभारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला निर्वाचन अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी ने साफतौर पर कहा है कि, मंडल अध्यक्ष के पद पर पैराशूट लैडिंग नही होगी, बल्कि सक्रिय सदस्यता और पूर्व में कार्य करने वाले पदाधिकारियों को ही अध्यक्ष के पद पर ताजपोशी की जाएगी। मंडल अध्यक्ष चुनने हेतु पार्टी ने आयु सीमा 36 से 45 वर्ष की निर्धारित की है, किंतु मंडल में पदाधिकारी के लिए कोई आयु सीमा नहीं रहेगी। सक्रिय और सुयोग्य कार्यकर्ता को ही मंडल अध्यक्ष के रूप में चयन किया जाना है। कार्यशाला में संगठन चुनाव को लेकर आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन दिए गए तथा आपसी तालमेल से संगठन चुनाव संपन्न कराने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में भाजपा संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने प्रदेश में भाजपा सरकार बनने में दुर्ग जिला संगठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए जिले की पांच में से चार सीट जीताने के लिए के लिए कार्यकर्ताओं को श्रेय देते हुए कहा कि, पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से इतिहास रचते हुए 54 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में बनाई थी, इसमें दुर्ग का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। मंचस्थ अतिथियों में जिला भाजपा संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, ग्रामीण विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, रविशंकर सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान प्रभारी राजेंद्र पाध्ये, जिला सह चुनाव अधिकारी उषा टावरी शामिल रहे।

### पन्द्रह दिसंबर के पहले होगा चुनाव

आगामी पन्द्रह दिसंबर के पहले दुर्ग जिला संगठन के तेरह मंडल अध्यक्षों का चुनाव कराना हैं। जिसके बाद आगे जिला अध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होगा। बताया गया कि, मंडल अध्यक्ष का चयन वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया जाएगा। उनके सुझाए नामों पर जिला के निर्वाचन बोर्ड द्वारा अंतिम फैसला लिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष के लिए सक्रिय कार्यकर्ता, पार्टी विरोधी कार्य नही किया हो, सोशल मिडिया में टीका टिप्पणी और पूर्व में किसी पद पर दायित्व संभालने जैसे मापदंडों के अनुसार चयन किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा अभियान को लेकर टास्क दिया था उसमे से 94 प्रतिशत को ऑनलाइन मोड से ही पूर्ण करके लक्ष्य से पांच प्रतिशत ज्यादा सदस्यता की, इसी प्रकार सक्रिय सदस्यता में भी लक्ष्य से 10 प्रतिशत ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए है।

### सदस्यता बनाने में संगठन खरा उतरा

संघठनात्मक कार्यों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक सदस्यता के 213048 के लक्ष्य को पार करके 2 लाख 25 हजार से ज्यादा सदस्य बनाकर प्रदेश में रिकॉर्ड बनाया। श्री सवन्नी ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हम ऐतिहासिक जीत प्राप्त करके सरपंच से लेकर पार्लियामेंट तक हमारी सरकार हो, हमारे जनप्रतिनिधि हो इस लक्ष्य के साथ काम करें। जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा दुर्ग जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर एक ऐतिहासिक परिणाम दिया और फिर संगठन पर्व में भी प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई।

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर स्वथ्य धरा तो खेत हरा आधारित मौजूदा मृदा स्वास्थ्य कार्ड लोगों का उपयोग कर अभियान के रूप में चलाये जाने के निर्देश के परिपालन में आज जिले में 4 स्थानों पर क्रमशः कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ), केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बोराई में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से कृषि वैज्ञानिक तथा किसानों के साथ मिट्टी के लिए सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा किया गया है। कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण एवं अनुशंसा आधारित सुझाव दिया गया तथा स्कूल स्वायल हेल्थ प्रोग्राम में सम्मिलित विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए एमवाय जीओभी पोर्टल पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित की गई कार्यशाला उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा बताया गया कि उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अनियंत्रित प्रयोग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए आवश्यक है कि कृषक संतुलित एवं समन्वित मात्रा में रसायनों का उपयोग करें, खाद्यान्न एवं भूमि को जहरीला होने से बचाया जा सके।

### नमूना संग्रहण का अनुभव बताया

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की छात्रा कुमारी अदिति पाण्डे ने मृदा नमूने संग्रहण के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम कातरो में नमने संग्रहण के दौरान उन्हें और अन्य छात्रों को कृषकों के द्वारा किये जाने वाले परिश्रम का एहसास हुआ तथा यह प्रेरणा भी मिली कि कृषकों के द्वारा मेहनत से उगाया गया अन्न व्यर्थ नहीं करना चाहिए। उक्त समस्त कार्यक्रमों में केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) के वैज्ञानिकगण तथा कृषि विभाग के अधिकारीगण की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुए हैं।

# सीईओ ने पीएम आवास योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पीएम आवास योजना, मनरेगा एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पिटौरा एवं ग्राम पंचायत नंदिनीखुदनी में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत पिटौरा की हितग्राही निर्मला बाई एवं अश्वनी बाई से निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में चर्चा की। सीईओ श्री दुबे ने हितग्राहियों से योजना अंतर्गत शासन द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान कार्ड शिविर का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा सीईओ श्री दुबे ने ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदनी के वनमण्डल विभाग में नर्सरी उत्पादन के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किरण कौशिक एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

सीईओ श्री दुबे ने दुर्ग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलौदी और आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्राम पंचायत के पीएमएवाय हितग्राहियों से चर्चा की और ऐसे हितग्राही जिनका आवास निर्माण कार्य अप्रारंभ है, उन्हे निर्धारित समय में निर्माण कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्राम पंचायतों में आयोजित आयुष्मान कार्ड शिविर के निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया गया। सीईओ श्री दुबे ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण में सीईओ जनपद पंचायत, एपीओ, पीओ, डीसी, बीसी, टीए आदि उपस्थित थे।

### ग्राम मटंग में कवि सम्मेलन में जुटे



**सेलूद।** ग्राम मटंग में कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां कवियों ने कविता पाठ करके श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित सीताराम श्याम, केशव साहू, हास्य रस के कवि गजपती साहू, हिरालाल वर्मा, योगेश, जलज ताम्रकार ने कविता पाठ किया। कवि सीताराम जी श्याम ने अपने 42वर्ष पूर्व 1982में रचित कविता बूझो-बोझो गोरखनाथ अमृतवाणी, बरसे कमरा भिगे ले पानी जी कविता पाठ किया। श्याम के कविता से सभी श्रोता झूम उठे तथा खूब आनंद लिया। इसी कड़ी में हास्य रस के कवि गजपती अपने कविता के माध्यम से दर्शकों खूब मनोरंजन किया।

# सात दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलेगा टीबी मुक्त भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत सरकार व्दारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता मे विगत दिनों जिला स्तरीय अंर्तविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भुमिका वर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि जनभागीदारी से ''निक्षय- निरामय छत्तीसगढ़100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान (टीबी मुक्त भारत अभियान) 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जायेगा। अभियान चार चरणों में सम्पन्न होगा। पहला चरण- 07 दिसम्बर 2024 से 22 दिसम्बर 2024, दूसरा चरण- 23 दिसम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025, तीसरा चरण- 01 मार्च 2025 से 15 मार्च 2025 एवं चौथा चरण - 16 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक होगा। उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा तथा समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।




- जन भागीदारी से चार चरणों में सम्पन्न होगा 100 दिवसीय अभियान

इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधि सहित लोगों के माध्यम से कार्यक्रमों में क्षय उन्मुलन एवं कुष्ठ के विषय में जागरूकता लाई जायेगी। टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठन इत्यादि भी अपनी सहभागिता निभायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिये कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि मितानीन स्वयं सेवी संगठनो को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में लगे रहने की अपील की गई है।

## सीएम ने लॉच किया था ऐप

# 'सशक्त एप' से लोगों को राहत, मिली चोरी की बाइक, 350 चोरी के वाहन की हुई अब शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय ने सशक्त एप का शुभारंभ रायपुर में किया था। जिसको दुर्ग पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान उपयोग में लाया जा रहा था। एप उपयोग के पहले दिन चोरी की बाइक को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली।

रेलवे स्टेशन दुर्ग परिसर में चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक मिला। यह कार्रवाई आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर बनाई गई टीम के द्वारा की गई। टीम का नेतृत्व नोडल अधिकारी डॉ. संकल्प राय हैं। थाना मोहन नगर के प्रभारी उप निरीक्षक पारस सिंह ठाकुर ने किया। टीम में एएसआई मोतीलाल महिलवार, कांस्टेबल केशव साहू, तारकेश्वर साहू, शकील खान, एमन चंद्राकर शामिल थे। चेकिंग के दौरान लगभग 350 वाहनों की जांच की गई। सशक्त ऐप के माध्यम से इन वाहनों के इंजन नंबर, चेसिस नंबर और पंजीयन नंबर मिलाया गया। एक बाइक सीजी 07 एव्ही 4328 को चोरी का पाया गया। वाहन का नंबर प्लेट बदला हुआ था, लेकिन वाहन पर अंकित चेजिस नंबर के माध्यम से इसका शिनाख्त किया गया। उक्त बाइक जेवरा सिरसा दुर्ग निवासी की थी। वाहन 12 जून 2024 को जिला अस्पताल के पास से चोरी हो गया था। रिपोर्ट 16 जून को दर्ज कराया गया था। इस ऐप को आईजी के द्वारा विकसित किया गया था।




### एक क्लिक में चोरी वाहनों की जानकारी

पुलिस कर्मियों को चोरी हुए वाहनों का डेटा एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना है। अब छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिले में पुलिस जवान इस एप का उपयोग कर चोरी हुए वाहनों की जानकारी एक क्लिक पर पा सकते है। दुर्ग पुलिस की सतर्कता और सशक्त एप्लिकेशन की उपयोगिता से चोरी की वाहन की बरामदगी संभव हो पाई है। इस कार्रवाई से यह साबित हुआ कि आधुनिक तकनीक और कुशल पुलिसिंग का समन्वय अपराध नियंत्रण में कितना प्रभावी हो सकता है।

### अर्थ मूविंग उपकरणों का अनावरण लागत में उल्लेखनीय बचत

**भिलाई।** संयंत्र में परिचालन गतिविधियों को और बेहतर करने के लिए गैरेज में अर्थ मूविंग मशीन स्थापित की गई है। कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार ने इसका उद्घाटन किया। इसे प्लांट गैरेज की टीम द्वारा पूर्ण रूप से आतंरिक संसाधनों का उपयोग कर तैयार किया है। इस नए हॉलपैक डम्पर एवं हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर से परिचालन दक्षता को बढ़ाया जाएगा। इससे मेंटेनेंस लागत में कमी आएगी। इस अवसर पर अंजनी कुमार ने कहा कि यह परियोजना हमारी टीम के कौशल और समर्पण का उदाहरण है। यह दर्शाता है कि कैसे इन हाउस संसाधन गुणवत्ता या प्रदर्शन से समझौता किए बिना हम महत्वपूर्ण लागत में बचत कर सकते हैं। यह स्थिरता और परिचालन उत्कृष्टता पर संयंत्र के फोकस को भी उजागर करता है। बीएसपी अधिकारी बिजय कुमार बेहरा, सुब्रत हलधर ने इस प्रयास की सराहना की।

# एलएंडडी में क्विज स्पर्धा क्वेस्टऑन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी में पर्यावरण जागरूकता माह के तहत क्विज प्रतियोगिता 'क्वेस्टऑन' का आयोजन लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर (एलएंडडी) के सभागार में भई किया गया। प्रतियोगिता "पर्यावरण और ऊर्जा" विषय पर केन्द्रित थी। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आरके श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक पीवीवी एस मूर्ति थे। 19 से 18 दिसंबर तक चलने वाले इस पर्यावरण माह के तहत फाइनल राउंड में छह टीमों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में उमेश मलयथ (एजीएम, ओपी-2) और निवेश विजयन (एसएम, आईआर-सीएलसी) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरप्रीत सिंह और उमेश साहू (एजीएम, प्रोजेक्ट्स) की टीम तथा बी ललिता (एजीएम, सीबीडी) और अमेया जोशी (सीबीडी) की टीम ने क्रमशह द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने क्विज की सराहना की और इसे पर्यावरण संबंधी जागरूकता का एक प्रभावी माध्यम बताया। सीजीए मूर्ति ने भी डीकार्बोनाइजेशन, और ऊर्जा बचत के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन क्विजमास्टर्स वरिष्ठ प्रबंधक ऐमन अली और प्रबंधक हिमांशु वर्मा और महाप्रबंधक प्रभारी एस संजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

12

राजहरा माइंस को हराकर स्टील जोन ने सेमीफायनल में किया प्रवेश

**लाइव इवेंट**

## 38वें स्थापना दिवस पर पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महाअभिषेक



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के 38वें स्थापना दिवस पर विधि विधान से पूजा-अर्चना और मंगल अभिषेक किया गया। सेक्टर-6 स्थित मंदिर में भक्तों ने मूल नायक प्रतिमा श्री 1008 पार्श्वनाथ का मंगल अभिषेक स्वर्ण कलश एवं चांदी के कलश से किया। इस अवसर पर आदिनाथ भगवान, मुनि सुब्रत भगवान और अष्टधातु की 1008 पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा का भी मंगल अभिषेक किया गया। शांतिधारा दीपक जैन, भारत जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल प्रशांत जैन, ऋषभ जैन, प्रदीप बाकलीवाल, गौरव आदि ने किया। अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि जैन मंदिर के 38 वें स्थापना वर्ष के प्रवेश पर यह महा अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान को नमोस्तु करते हुए अष्ट द्रव्य के साथ भक्ति भाव के साथ श्रीफल अर्पण किया। इसके साथ पारसनाथ भगवान का जयकारा लगाया गया। कार्यक्रम में अभिषेक, मुकेश जैन, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, संजीव जैन सहित अन्य मौजूद थे।

**लाइव इवेंट**

## आईआईटी में 9 से विंटर स्कूल, जुटेंगे शिक्षाविद और सामाजिक विशेषज्ञ



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र (सीसीएल) की स्थापना सांस्कृतिक विरासत, स्वदेशी ज्ञान, लुप्त भाषाओं और सतत विकास पर अनुसंधान को बढ़ावा के लिए की गई है। इस संस्था के माध्यम से एक अनोखा आवासीय कार्यक्रम आईआईटी भिलाई में 9 से 13 दिसंबर तक आयोजित है। इसमें शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों के विशेषज्ञ, प्रतिनिधि सहित अन्य शामिल होंगे। आईआईटी के प्राध्यापकों ने बताया कि केंद्र सरकार भाषाई विविधता, सांस्कृतिक बहुलवाद, पारिस्थितिक ज्ञान और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ और बड़े पैमाने पर भारत की सामूहिक स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (एफईएस) के साथ साझेदारी में 'कॉमनिंग द कॉमन्स' नामक एक आवासीय विंटर स्कूल का आयोजन किया जा रहा है। इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स के अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश के मरोठिया इसके उद्घाटन समारोह में व्याख्यान देंगे। पांच दिवसीय विंटर स्कूल में पारिस्थितिक कॉमन्स के क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. पूर्णेनु कावूरी (सेन्स इंडिया), डॉ. लावण्या सुरेश (बिट्स पिलानी, हैदराबाद), डॉ. आरके सिंह (प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ सरकार, सेवानिवृत्त) और डॉ. सोमा किशोर पार्थसारथी का व्याख्यान होगा। विंटर स्कूल को सभी सामाजिक-आर्थिक स्तरों पर व्यक्तियों और समुदायों के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण संसाधन प्रणालियों के रूप में पारिस्थितिक कॉमन्स की समझ बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है। व्याख्यान में भारतीय समाज में पर्यावरणीय क्षरण, जलवायु परिवर्तन और व्यापक आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के जटिल मुद्दों की एक स्तरित भावना विकसित करने में मदद मिलेगी। आयोजन में शिक्षाविदों, नागरिक, समाज और जमीनी स्तर के संगठनों चुनिंदा प्रतिनिधि शामिल होंगे।

- फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (एफईएस) के साथ किया जा रहा आयोजन

**लाइव इवेंट**

## सरस आध्यात्मिक संध्या में दिया गीता का उपदेश, आत्मसात करने संदेश



**भिलाई।** सियान सदन हाउसिंग बोर्ड में सरस संस्था द्वारा आयोजित आध्यात्मिक संध्या में स्वामी तन्मयानंद ने भगवद गीता का सार बताया। कार्यक्रम की शुरुआत भजनों से हुई। इसके बाद संघमित्रा तोकदार ने स्वामी जी का परिचय कराया। स्वामी ने अर्जुन के संशयों का समाधान करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए आत्मज्ञान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रतिदिन गीता का पाठ करने और उसके उपदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। गीता को हिंदू दर्शन का सार बताते हुए उन्होंने कहा कि गीता के अनुसरण से जीवन को उच्चतम स्तर पर ले जाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन भजन संकीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। यह कार्यक्रम सारदा रामकृष्ण संघ के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मिशन साहसी : स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं को दी गई ट्रेनिंग**

# आत्मरक्षा के लिए छात्राओं को सिखाया कराते और मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत करने किया ट्रेंड

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक अनोखी शुरुआत की है। उनके द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने कक्षा आठवीं से 12वीं और कॉलेज की छात्रों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 7 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें कराते, डिफेंस, सतर्कता को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत करने के लिए योग, मेडिटेशन की ट्रेनिंग दी जा रही है। करीब 1 हजार बच्चियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन बच्चियों ने रविशंकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने कौशल का प्रशिक्षण किया।**

**भिलाई।** मिशन साहसी के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य रूप से 14 से 25 साल तक की लड़कियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सात दिन के इस प्रोग्राम के बाद फाइनल टेस्ट लिया जाता है। बच्चियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अमृतेश शुक्ला ने मिशन साहसी के बारे में विस्तााार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा मार्च 2018 में मुंबई में संस्था मिशन प्रहार के साथ मिलकर अभाविप ने मिशन साहसी अभियान की नींव रखी। उस समय 10 हजार लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश सहमंत्री राशि त्रिवेदी ने कहा की महिलाएं हमारे समाज की नींव हैं। महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में देश को हमारे समाज को गौरवांवित किया है। चाहे वह लक्ष्मीबाई हो, रानी चेन्नमा, कल्पना चावला या देवी अहिल्या बाई होलकर हों। आज के समय में यही हमारे आदर्श होने चाहिए। 6 वर्षों में परिषद ने 14 लाख से अधिक छात्राओं को मिशन साहसी का प्रशिक्षण दिया है।



### छात्राओं ने कहा-आत्मविश्वास का हुआ संचार

प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों ने कहा कि उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ है। छात्राओं ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल हमें आत्मरक्षा के कौशल सिखाने में सहायक रहा, बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी कई गुना बढ़ा दिया है। नगर मंत्री निकेश कुर्रे ने अंत में कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सभी सहयोगीयो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एबीवीपी के सदस्य, पदाधिकारी और प्रशिक्षण प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि लगातार प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### लड़कियों ने दिखाई कलाबाजियां, कौशल का किया प्रदर्शन, सभी को दिया गया प्रमाण पत्र



इस अवसर पर प्रशिक्षित छात्राओं ने कलाबाजियां दिखाई। अपने कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मानसी गुलाटी ने कहा कि साहसी शब्द नया नहीं है। हो सकता है कि मिशन नया हो, किंतु साहसी शब्द से हमारा पुराना नाता है। जिस धरती पर हम जन्मे हैं, जब बुराई ने हदें पार की, तो मां दुर्गा अवतरित हुईं और बुराई का अंत किया। प्रशिक्षक गिरी राव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद आंदोलन के साथ साथ रचनात्मक कार्य भी करती है। यह कार्य छात्र हित के साथ समाज हित में भी अनोखा है।




# 16 जैन मुनि और 15 साध्वियों का दल पहुंचा नगपुरा तीर्थ

**भिलाई।** आचार्य विजय योगतिलक सूरीश्वर के शिष्य पन्यास प्रवर श्रमण तिलक, श्वेत तिलक, कंचन तिलक सहित 16 भगवंत और साध्वी चैत्यदर्शिता सहित 15 साध्वियों का दल पैदल यात्रा कर नगपुरा तीर्थ पहुंचा। दल में 100 से ज्यादा भक्त भी शामिल थे। अहिंसा, ब्रम्हचर्य, त्याग, तपस्या का संदेश लेकर यह जत्था कवर्धा, खैरागढ़ से चलकर तीन दिवसीय प्रवास पर नगपुरा स्थित जैन तीर्थ पहुंचा। खैरागढ़ के भीखमचंद धरमचंद मुणोत एवं कवर्धा के लोकचंद-रजनीकांता परिवार ने खैरागढ़ से नगपुरा तीर्थ के लिए तीन दिवसीय यात्रा का आयोजन किया। समाज के लोगों ने बताया कि यात्री छरी पालित संघ का विशेष महत्त्व है, इस यात्रा संघ में आने वाले सभी यात्री को यात्रा दरिम्यान जमीन पर ही शयन करना होता है। मात्र एक बार आहार ग्रहण करना, ब्रम्हचर्य का पालन करना, पैदल यात्रा करना, दैनिक प्रतिहारी प्रतिक्रमण, स्नात्र पूजादि दैनिक क्रिया के साथ, सचित्त का परिहार ऐसे हैः नियमों का पालन किया जाना जरूरी होता है।



**खैरागढ़ से शुरू हुई तीन दिवसीय यात्रा में 100 से ज्यादा यात्री शामिल**



### भगवंतों के प्रवचनों और जयघोष के साथ मंगल प्रवेश

साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में संगीत एवं घोष के साथ सुबह 8 बजे यात्रियों का तीर्थ प्रवेश हुआ। तीर्थ प्रवेश द्वार पर तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया, मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़, ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी, मूलचंद जैन, पन्नालाल गोलछा, राजेन्द्र गोलछा, पुखराज मुणोत, सुरेश बागमार ने यात्रा संघ का अगुवानी के साथ स्वागत किया। संघपति परिवार को तीर्थमाल आरोहण की विधि कराई गई। जेठमल अनोपीबाई गोलछा मद्रास एवं मूलचंद महेशकुमार कोठारी फलोदी (राज.) ने विधिपूर्वक अभिमंत्रित तीर्थमाल संघपति को अर्पित किया। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ खैरागढ़ के अध्यक्ष राजकुमार छाजेड़ सहितत कवर्धा, दुर्ग, रायपुर, खैरागढ़ राजनांदगांव, धमतरी, केशकाल, जगदलपुर आदि से आए भक्त मौजूद थे।



## अमलेश्वरडीह में भागवत ज्ञान यज्ञ आज से शुरू

**भिलाई।** अमलेश्वर डीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 6 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह आयोजन 14 दिसंबर तक चलेगा। इसमें प्रथम दिवस कलश यात्रा, बेदी पूजा, गौकरण पूजा, फिर ब्यास जन्म, सुकदेव जनम, परीक्षित जन्म, फिर श्रृष्टि वर्णन शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन,,राम जन्म, कृष्ण जन्म, वृन्दावन धाम, कंस वध, राजसुयज्ञ, फिर गीता प्रसंग, तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। इस संगीतमय भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथावाचक भगवताचार्य पं. शिवशंकर तिवारी अछोटी (मुरमुंदा) वाले हैं। कार्यक्रम में बिसहत साहू- उमा बाई साहू प्रमुख जजमान हैं। आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा नगर भ्रमण करने के बाद आयोजन स्थल पहुंचेगी। इसके बाद श्रीमद्भावागत कथा का संगीतमय आयोजन शुरू होगा। भागवताचार्य प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का बखान करेंगे। कृष्ण जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा।

**भिलाई आयुक्त राजीव पांडेय पहुंचे खम्हरिया स्थित आत्मानंद स्कूल**

# आयुक्त ने टीचर बन सेजस के बच्चों को पढ़ाया पूछा-राष्ट्रगान कितने मिनट में पढ़ना चाहिए

**कार्नर न्यूज**



भिलाई।
भिलाई निगम के आयुक्त राजीव पांडेय खम्हरिया स्थित आत्मानंद स्कूल पहुंचे। उन्होंने शिक्षक बनकर स्कूल के बच्चों को पढ़ाया। आयुक्त ने किताब को हाथ में लेकर बच्चों से कुछ सवाल किए। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रगान कितने सेकंड (52 सेकंड) में पढ़ना चाहिए। राजिम (गरियाबंद) कौन से जिले में स्थित है। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री (विष्णुदेव साय) का क्या नाम है। बांग्लादेश कौन से दिशा (पूर्व) में है।



### आयुक्त औचक निरीक्षण को पहुंचे, व्यवस्था सुधार के निर्देश

आयुक्त पाण्डेय सुबह स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खम्हरिया पहुंचे। उन्होंने स्कूल में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जाना कि विद्यार्थियो को किसी प्रकार की कोई असुविधा तो नहीं हो रही है। साथ ही स्कूल में बैठने के टेबल, कुर्सी, पीने का पानी, शौचालय, लाइट, पंखा आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी प्रकारी की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा बच्चों से गणित एवं अंग्रेजी के प्रश्न पूछे। क्लास में रीडिंग कराते हुए कविता पूछा। यह भी सवाल किया कि कौन-कौन बच्चे घर से सुबह खाना खाकर नहीं आते हैं। कुछ बच्चों ने हाथ खड़ा किया। शिक्षिका से उनके पेरेंट्स को समझाने को कहा कि बच्चों को सुबह नाश्ता कराके ही स्कूल भेजा करें। आयुक्त ने बच्चों से कहा किसी भी प्रकार का प्रश्न को अपने मन में रहने नहीं देना चाहिए। बेजिझक अपने क्लास टीचर्स से पूछना चाहिए, क्योंकि प्रश्न करने से ही उसका जवाब मिलता है। दूसरे छात्र को भी पता चलता है। अंत में टीचर्स को भी समझाया कि बच्चों की पढ़ाई में पूरा सहयोग करें।

### आयुक्त ने समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर आयुक्त के सामने कुछ समस्याएं रखी गई। आयुक्त ने उन सभी का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त कुछ समय के लिए बच्चो के क्लास रूम में भी बैठे। उनसे बातचीत की। आयुक्त को अपने बीच देखकर सभी विद्यार्थी अच्छी तरह से पढ़ाई करने लगे। टीचर्स भी अच्छी तरह से पढा रही थी। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।



## सिटी इवेंट

# ठंड से बचने वितरित किए कंबल, बुजुर्गों को मिली राहत



**भिलाई।** प्रगति गोंडवाना महिला समाज छत्तीसगढ़ द्वारा ठंड से बचने कपड़े और कंबल आदि का वितरण किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रगति गोंडवाना महिला समाज के तत्वावधान में जरुरत मंद लोगों की सहायता के लिए कोरबा जिले का चयन किया गया। कोरबा जिले के ग्राम कटरापारा कनकी तहसील करतला के धनवार आदिवासी बाहुल्य ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के एकत्रित ग्रामवासियों का परिचय के साथ उनकी समस्याओं को बताने को कहा गया। आदिवासियों ने कहा कि यहां अधिकांश धनवार आदिवासी रहते हैं, जिनकी हालत अत्यंत खराब है। धनवार आदिवासी समाज के बच्चे जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण पांचवीं के बाद नहीं पढ़ पाते। ये लोग भूमिहीन श्रमिक हैं। उनकी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ वेदवती मंडावी ने शासन द्वारा प्राप्त सुविधाओं को समझाया तथा उनकी संस्कृति की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कंबल, कपड़े तथा बिस्किट पैकेट का वितरण किया गया। जिसे पाकर बच्चे, बूढ़े सभी प्रसन्न हुए। उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस कार्य में कोरबा तथा रायपुर के कार्यकारिणी सदस्य दुर्गा उईके तथा पीलू बाई नेताम उपस्थित थी। स्थानीय निवासी तथा वहां पदस्थ इंजीनियर सर्वेश उसेंडी विशेष सहयोग रहा।

- प्रगति गोंडवाना महिला समाज छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया सेवा कार्य




## एजुकेशन इवेंट

# आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित चिकित्सा पद्धति




**भिलाई।** आयुष मंत्रालय का देशव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरुआत संविधान दिवस के मौके पर शुरू की गई है। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में एक करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष मंत्रालय ने इसके लिए 4,70,000 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों को ट्रेनिंग दी है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों को उनकी व्यक्तिगत प्रकृति (वात, पित्त ,कफ) के संबंध में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने और उनके जीवन शैली प्रबंधन में सहयोग करने के उद्देश्य से बी.एम कॉलेज, कोलिहापुरी पुलगांव दुर्ग में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ग्राम चंदखुरी जिला दुर्ग द्वारा महाविद्यालय में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सालय की डॉ. रूमीना खान, डॉ. वर्षा और उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों को उनके शरीर के वात, पित्त, कफ के संबंध में स्वास्थ्य संबंधी और उनके जीवन शैली प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. रूमीना खान ने बताया कि आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित चिकित्सा पद्धति है। त्रि-दोष शरीर के कार्यों और स्वास्थ्य को नियंत्रित करने का काम करती है। हर दोष की अपनी विशेषताएं, गुण और कार्य होते है। दोषो के असंतुलन या विकृति के कारण हमारा शरीर बीमार पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था की डायरेक्टर भानुमति साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जो प्रकृति परीक्षण में भाग लेता है और व्यक्तिगत स्वास्थ्य दृष्टिकोण अपनाता है, एक स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं अपना प्रकृति परिक्षण भी करवाया।

## धूमधाम से होगी बेटी की शादी, सामाजिक दायित्वों को निभाने किया आर्थिक सहयोग

**भिलाई।** बेटियों की शादी को धूमधाम से करना हर पिता का सपना होता है। आर्थिक तंगी के चलते किसी पिता का बेटी की शादी का सपना न टूटे इस उद्देश्य से ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोशिएशन दवरा जरुरतमंदों के घर एक और बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग किया। ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोशिएशन भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू के पहल पर आज भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोशिएशन द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेंदारी का निर्वहन करते हुए संस्था के चालक सदस्य के बहन की शादी में सहयोग राशि प्रदान कर सेवा कार्य का एक और कदम बढ़ाया। संदीप यादव की बहन आरती यादव, पिता बलराम यादव खुर्सीपार निवासी, भिलाई के विवाह के लिए केम्प गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष बलदेव सिंग, सचिव स्वर्ण सिंग, कोषाध्यक्ष हरपाल सिंग के हाथों 25000 रुपये नगद सहयोग करते हुए शुभकामनायें दी। इस दौरान एसोशिएसन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग (छोटू ), संरक्षक महेंद्र सिंग, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंग, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सचिव शाहनवाज, रिज्जू सिंह, रमन राव सहित अन्य सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सात दिवसीय बोरसी में विधिक सहायता शिविर का आयोजन

# सेवाभाव ही व्यक्तित्व विकास का मंत्र, आर्ट एंड क्राफ्ट और वैदिक गणित का प्रशिक्षण, पारंपरिक व्यंजनों का चखा स्वाद

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बोरसी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग द्वारा किया गया। इस दौरान विविध गतिविधियों के अंतर्गत स्वच्छता रैली, एड्स जागरूकता रैली, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, विधिक सहायता शिविर, ग्रामीण महिलाओं का छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता, स्वयं सेवकों का सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण, वैदिक गणित प्रशिक्षण एवं ग्रामीण बच्चों के लिए विविध खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सात दिवसीय आयोजन में कैंप फायर के समय बच्चों ने आतिशबाजी एवं नृत्य का भरपूर आनंद लिया। समापन के अवसर पर आभार रैली निकालकर ग्रामीणों का धन्यवाद किया गया। शिविर का उद्घाटन अतिथि पार्षद प्रेमलता साहू, जिला संगठक डॉ लीना साहू, दयानंद शिक्षा समिति उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता, डॉ नागेन्द्र शर्मा, दिग्विजय सिंह गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष दयानंद शिक्षा समिति, थाना प्रभारी अंबिका प्रसाद, प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह, विभा शर्मा प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।



### बौद्धिक परिचर्चा में स्वामी विवेकानंद को किया याद



शिविर के प्रमुख सत्र बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रथम दिवस डॉ लीना साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की जानकारी दी। द्वितीय दिवस नेहरू युवा केन्द्र के युवा अधिकारी नितिन शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, के के सिन्हा, कुंदन लाल साहू थे। तीसरे दिन के कार्यक्रम में अधिकारी डॉ शिल्पा कुलकर्णी एवं डॉ चांदनी मरकाम, सुरेश ठाकुर एवं ललेश्वरी साहू थे। पांचवे दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ नीता वाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी छग और नीलम सिंह अध्यक्ष सखी फाउंडेशन उपस्थित रही। डॉ नीता वाजपेई ने स्वयं सेवकों को स्वामी विवेकानंद, भगिनी निवेदिता का उदाहरण देते हुए सेवाभाव में व्यक्तित्व विकास का मंत्र दिया। शाम के सत्र में मुख्यअतिथि दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, विशेष अतिथि पार्षद दीपक साहू, पोषण साहू ने शिरकत की। महापौर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कैंप की सराहना की। छठवें दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं डॉ आरपी अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

### गीत, संगीत व नृत्य का लिया आनंद

सात दिवसीय शिविर में रात को कैंप फायर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने आतिशबाजी एवं नृत्य का भरपूर आनंद लिया। स्वयं सेवकों और ग्रामीण बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें ग्रामीणों ने दर्शक के रूप में उत्साह के साथ भाग लिया। यह सात दिवसीय शिविर में दयानंद शिक्षा समिति सचिव विश्वजीत सिंह गुप्ता, प्रकाश साहू, कुलदीप भंडारी, प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह, विभा शर्मा, डॉ आस्था सिजारिया, मो. शरीफ खान, प्रेरणा ठाकुर, रश्मि साहू, डॉ संगीता वर्मा, डॉ प्रीतिका ताम्रकार, विनोद सोनवानी, त्रिभुवन देवांगन, नारायण, सूरज, सविता, शा.उ. मा. वि. बोरसी प्राचार्य संगीता चौधरी सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।




### राष्ट्रीय सेवा का दिया गया संदेश

डॉ अग्रवाल ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना और उसके कार्यों का महत्व बताया। भूपेन्द्र कुलदीप ने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि मुश्किलें तो जीवन में आएंगी। हमें उन मुश्किलों को पार कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। आयोजन के समापन सत्र में स्वयं सेवकों ने प्रश्नोत्तरी कर जिज्ञासाओं को शांत किया। समापन समारोह के दौरान उपस्थित दयानंद शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्र गुप्ता ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व बताते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आभार दयानंद शिक्षा समिति के विधिक सलाहकार डॉ नागेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। समापन समारोह में आभारानी गुप्ता द्वारा सभी स्वयं सेवकों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रमेशचंद्र फाउंडेशन, डॉ मानसी गुलाटी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया तथा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई।

## आयोजन

# निःशुल्क जांच शिविर का लिया लाभ, विशेषज्ञों ने दिया परामर्श




**भिलाई।** संविधान के जनक डॉ. भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर ट्विनसिटी में जगह-जगह अनेक आयोजन किए जाएंगे। इसी कड़ी में द बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया सेक्टर 6 बुद्ध विहार की अध्यक्ष वर्षा बागड़े और उनकी टीम के नेतृत्व में 6 दिसम्बर को डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया हैं। समिति के द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन बाबा साहेब आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में किया जाता है।

इसी कड़ी में इस बार शंकराचार्य मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम द्वारा सभी प्रकार के रोगों की जांच कर उपचार भी किये गए। द बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया सेक्टर 6 बुद्ध विहार के प्रदेश सचिव राजेश वंजारी ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर रक्तदान शिविर आज



**दुर्ग।** भारतीय संविधान के रचयिता बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पंचशील बुद्ध विहार डॉ.आंबेडकर नगर उरला में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव अनिल जोग ने बताया कि बाबासाहेब आम्बेडकर ने मानव जीवन को बचाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। एक विकसित भारत का निर्माण किया। उन्हीं के द्वारा दिए गए स्लोगन पे बैक टू सोसाइटी के तहत विश्व भर में रक्तदान शिविर का महा-अभियान शुरू किया गया है। संस्था द्वारा पिछले तीन वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी बाबासाहेब आम्बेडकर को श्रद्धांजलि देने समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़, डॉ.आंबेडकर नगर निवासी विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर लगाया जा रहा है।

## अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# राजहरा माइंस को हराकर स्टील जोन ने सेमीफायनल में किया प्रवेश





**भिलाई।** अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को एक मैच स्टील जोन एवं राजहरा माईन्स के मध्य खेला गया। जिसमें स्टील जोन ने 2-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। गुरुवार को प्रतियोगिता का अवकाश रखा गया है, शुक्रवार को प्रतियोगिता का सेमीफाईनल मैच खेला जायेगा। पहला सेमीफाईनल मिल जोन एवं नॉन वर्क्स के मध्य 2 बजे से और दूसरा सेमीफाईनल आयरन जोन एवं स्टील जोन के मध्य 3 बजे से खेला जायेगा। स्टील जोन एवं राजहरा माईन्स प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य दर्शकों ने खेल का आनंद लेने के लिये स्टेडियम में अपनी उपस्थिति दर्ज की और खेल का आनंद लिया।

## भिलाई-3 में लगा आयुष स्पेशियल्टी क्लीनिक भिलाई-3 द्वारा किया गया आयोजन

# आयुष स्वास्थ्य मेला आयुर्वेद स्टाल में 471, होम्योपैथी में 109 एवं यूनानी पद्धती से 98 लोगों ने कराई जांच

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आयुष स्वास्थ्य मेला में का आयोजन इंदिरा पारा बीएसपी सोसाइटी के पास आयुष स्पेशियल्टी क्लीनिक (पीएससी) भिलाई-3 द्वारा किया गया। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धती से जांच के लिए अलग-अलग स्टाल एवं चिकित्सकों की टीम लगी थी। वहीं योगासन की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ महापौर निर्मल कोसरे ने किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में शिविर प्रभारी डॉ अर्पिता शर्मा के नेतृत्व में इस विकासखंड स्तरीय द्वितीय चरण आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर भिलाई-चरोदा निर्मल कोसरे, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, दिलीप पटेल व सतीश साहू, मनोज साहू, प्रेमलता चंद्राकर, फिरोज फारूकी एवं सुषमा जेठानी मौजूद रहे। शिविर में निशुल्क सेवाएं, परामर्श एवं काढ़ा वितरण, नेत्र परीक्षण, बीपी शुगर एवं सिकलिंग जांच की गई। 471 मरीजों ने आयुर्वेद, 109 ने होम्योपैथी एवं 98 ने यूनानी स्टाल पर जांच कराई व दवा ली। 28 बच्चों का स्वर्णप्रासन्न किया गया। 9 को प्रकृति परीक्षण, 57 के नेत्र जांच, 79 सिकलिंग जांच की गई। प्रदर्शनी में मिलेटस से बनने वाले व्यंजन,पोषणआहार थाली, संतुलित आहार, घरघर आयुर्वेद ,घरेलू मसालों से आयुर्वेद चिकित्सा की जानकारी प्रदर्शित की गई।



### डाक्टरों की टीम ने दी सेवा

शिविर में डॉ. रामस्वरूप मरकाम, डॉ.भावना पाल, डॉ. सुकांत भूनिया, डॉ अनुपमा नायक, डॉ शिवानी सिंह, डॉ रुबीना शाहीन अंसारी, डॉ नितिन कश्यप, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डॉ. अमित वासनिक, योग चिकित्सक देव कुमार, जालेंद्र उइके, गजानन सिन्हा, ऋतुकेतु साहू, कुसुमलता चौबे, दिनेश बावनकर, विजय साहू, राजू यादव, पुष्प परगनिया, जसविंदर कौर,जय सिंह कोठारी ,उषा निर्मलकर लक्ष्मण ,राधेश्याम ठाकुर ने अपनी सेवाएं दी। आयोजन में विशेष योगदान बीएमओ डॉ. बी कठौतिया, डॉ. आदित्य शर्मा, डॉ. नितिन कश्यप, सैयद असलम एवं स्टाफ का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### हरि नाम संकीर्तन भजन चीचा में 25 और सिर्राभांठा में 30 से

**अंडा।** ग्राम सिर्राभांठा के समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा और उनके परिवार द्वारा एक बार फिर से कूडेरादादर के प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण का हरि नाम



संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पहले चरण में अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम चीचा में तीन दिवसीय होगा। जहां पर 25 से 27 दिसंबर तक कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत 30 और 31 दिसंबर को दो दिवसीय यही कार्यक्रम उनके गृह ग्राम सिर्राभांठा में भी आयोजित किया जाएगा। कथा समय सुबह 10 से 12.30 बजे और दोपहर 3 से 5.30 बजे तक रहेगा। तो वहीं आयोजन के दौरान पूरे दिन भंडारा का आयोजन भी रखा गया है। ज्ञात हो कि पिछले साल भी राजेश सिन्हा के द्वारा ग्राम चीचा में कामता प्रसाद शरण का भागवत का कार्यक्रम कराया गया था उन्होंने धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### राष्ट्रीय खेल के लिए डिम्पल का हुआ चयन

**उतई।** जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब उतई के खिलाड़ी डिप्पल यादव का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।



जिसमें 68वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता सबजूनियर 14 वर्ष कबड्डी 10 से 12 दिसम्बर तक अमरावती महाराष्ट्र में होना है जिसके लिए दुर्ग जिला से डिप्पल यादव ग्राम उतई चयन हुआ है। डिप्पल यादव शासकीय पूर्व कन्या शाला उतई कक्षा आठवीं की छात्र हैं यह जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब उतई नियमित अभ्यास करती है क्लब के कोच मोहित कुमार साहू एवं सहायक कोच प्रकाश यादव राकेश यादव क्लब के सदस्य होमेन्द्र साहू, दीपक चंद्राकर, दीपक विश्वकर्मा, हितेश वर्मा, उमेश साहू, तरुण यादव, रामप्रवेश साहू, कीर्ति सूर्यवंशी, दिग्विजय वर्मा एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### सेलूद स्कूल के बच्चों को मिला न्योता भोजन




**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद में प्रधानमंत्री पोषण आहार के अन्तर्गत प्रधान पाठक नीरा वर्मा के मार्गदर्शन में जितेन्द्र ठाकुर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद की पत्नी रेखा ठाकुर व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल अचानकपुर ने अपने जन्मदिन एवं अपने पुत्री मीताक्षी ठाकुर और पुत्र हविश ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर शाला में बच्चों को पूर्ण न्योता भोजन कराया। न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, चावल, दाल, छोले और आलू गोभी भाटा बरबट्टी की मिक्स वेज सब्जी, पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर सीएसी योगेश कुमार साहू, शाला के शिक्षक देवेन्द्र वर्मा, वंदना साहू के अलावा माधुरी साहू, तमेश्वरी साहू, कृष्णा ठाकुर, अनिता निषाद, परमेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने निकाली एड्स जागरुकता रैली

**अंडा।** स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र के द्वारा शपथ दिलवाया गया। रेड रिबन के विद्यार्थियों के द्वारा साइकल रैली प्रभारी अंजू रानी ठाकुर के मार्गदर्शन में निकाली गई। साथ ही महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रेरक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान दीपेश निषाद,द्वितीय भुनेश्वरी तृतीय स्थान मोहित तथा दुर्गेश ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चित्रलेखा, द्वितीय स्थान टिकेश्वरी तथा भावना ने प्राप्त किया।

एक शिक्षक के कंधें पर एक साथ 5 कक्षाओं की परीक्षा की जिम्मेदारी

# शिक्षा नहीं, भोजन की गांरटी बन गए हैं सरकारी स्कूल

**सीएसी को मनपंसद जगह किसके इशारे पर मिली, स्टूडेन्ट नहीं मानो शिक्षकों की हो रही परीक्षा**

दिलीप साहू ▸▸ निकुम

पूर्व कांग्रेस सरकार में चार कद्दावर नेताओ व मंत्री के गढ़ कहे जाने वाले दुर्ग जिला में आज पर्यन्त भी सत्ता बदलने के बाद भाजपा की सरकार बन गई है, लेकिन उस समय से चापलूसी नीति रीति के कारण बड़े सरकारी पदों पर कार्यरत अधिकारियों की बोलबाला है। मानो बीजेपी नेताओं की नही अधिकारियों की तूती बोलती है। खासकर शिक्षा विभाग कार्यालय दुर्ग सहित देहात के स्कूलों में तो अजगर करे ना चाकरी की तर्ज पर बीते दशकों से ढर्रे पर कार्य कर मानो समयदान कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही कई बड़े वादे किये, लेकिन अधिकारियों के अड़ियल रवैये से पूरा सिस्टम ही लचीला है। सरकारी स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के दावे ही बड़े बड़े हो, लेकिन खुद सरकार के अनदेखी के चलते स्कूली शिक्षा विभाग का ढांचा चरमराता दिखाई दे रहा है। इसका मूल कारण शिक्षकों की कमी है। वहीं शहर में अंगूर की तरह दिखेंगें, देहातों में शिक्षा का बुरा हाल है और शिक्षा नहीं बल्कि भोजन की गांरटी सरकारी स्कूल बने हुए हैं।





#### कई कार्यो में जानकारी जुटाना मजबूरी

सरकारी स्कूलों में इन दिनो मुख्य पाठ्यकम्र को छोड़कर सिर्फ दबाव में एनजीओ के किताब व पढ़ाई के नये तरीकों से प्रसार हो रहा है। जिसमें विनोभा भावे एप, साक्षरता एप कार्यक्रम, उल्लास और एफएलएन फाउंडेशन , लेट्रसी जैसे किताबों से पढ़ाई करवाना मजबूरी बन गई, जिसके कारण अब स्कूलों की कक्षाओं में शिक्षक पर्याप्त समय ना देकर सिर्फ मोबाइल में जानकारी देने मातापच्ची करना शिक्षकों की आदत व मजबूरी में दबे पांव काम करे हैं, जबकि प्राइमरी कक्षा के अधिकतर बच्चे हिन्दी पढ़ना पहाड़ खोदने जैसा काम होता है, वहीं जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को अपने एसीनुमा कमरे से निकलने की फुर्सत नही होने से शिक्षा विभाग सुस्त रवैये से चल रहा है। गौर हो खुद शिक्षा विभाग में कार्यरत कई शिक्षक परिवार को सरकारी स्कूल पर तनिक भी भरोसा नहीं होने के कारण शिक्षकों के बच्चे खुद निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

#### 5 से 12 दिसम्बर तक परीक्षा लेने का दिया आदेश

प्रदेश में भाजपा की साय सरकार ने फिर कक्षा 5 वीं व 8 वीं को बोर्ड परीक्षा कराने की घोषणा के बाद भी स्कूलों में परीक्षा को उत्साह नही दिख रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने सूचना जारी कर स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा कक्षा पहली से आठवी के बच्चों के 5 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक परीक्षा लेने का आदेश दिया, वहीं मोबाइल में मेसेज आते ही सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानपाठकों को अपार आईडी के संबंध में केपीएस नेहरु नगर भिलाई में मीटिंग का आदेश आते ही प्रधान पाठक चले गये, गौर हो कि कई स्कूलों में सिर्फ दो शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है, जिसके कारण एक साथ पांच कक्षाओं को एक ही शिक्षक ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा लिया, जिसमें लगा मानो स्टूडेन्ट की नही मानो शिक्षक की परीक्षा हो रही है,कयोंकि स्कूल में बच्चे हाजरी, मिड डे मिल, सभी बच्चो को परीक्षा पत्र व जिम्मेदारी चुनौती रही। वहीं हरिभूमि संवाददाता ने भाठापारा प्राथमिक शाला , प्राथमिक शाला निकुम बस स्टैण्ड निकुम में मौके पर परीक्षा के समय मुयाना किया , लेकिन एक शिक्षक होने के होने कारण कक्षा में शिक्षक की कुर्सी खाली दिखी, वहीं बच्चे परीक्षा देते रहे।

#### कई स्कूलो में नही पढ़ाते सीएसी

दुर्ग जिले में 177 सीएसी कार्यरत है, इन शिक्षकों की बल्ले बल्ले है, वहीं बीते दशकों से अपनी मनपसंद के स्कूलों बर्फ की भांति जमे पड़े हैं। वहीं स्कूल में पदस्थ संकुल समन्यवयकों को अपने कार्यरत शाला में तीन कालखंड पढ़ाना पड़ता है, जबकि आपसी सहुलियत की नीति अपना कर मनपंसद स्कूलों में पदस्थ है। वही पढ़ाते भी नही है, ऐसा ही सिस्टम रहा तो कही ये शिक्षक बच्चो को पढ़ाना ना ही भूल जाये। प्रशासन मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित एक्शन लेवे। वहीं अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने इस मामले पर जानकारी के लिए फोन किया हरिभूमि संवादाता का फोन रिसीव नही किया ।

## अंचल की खबरें

### निषाद समाज का हुआ वार्षिक मिलन समारोह



**भिलाई।** निषाद समाज का चुनाव प्रतिक्रिया घासीदास वार्ड में 1 दिसंबर को किया गया। बैठक में निषाद समाज संघ भिलाई के वार्षिक, पारिवारिक मिलन समारोह में इसके दायित्व संगठन में विस्तार व सुधार निम्नानुसार किया गया। प्रदेश स्तर की टीम गठन किया जिसमें अध्यक्ष छोटेलाल चौधरी भिलाई, उपाध्यक्ष विजय चौधरी रायपुर, सुजान बिंद अंबिकापुर, महासचिव रामप्रयाग निषाद भिलाई, सचिव भागवत चौधरी कोरबा, बिहारी चौधरी बिलासपुर, कोषाध्यक्ष केदारनाथ निषाद भिलाई, सहकोषाध्यक्ष शंकर साहनी भिलाई, उमा शंकर अंबिकापुर। वहीं वरिष्ठ पदाधिकारी नारद मुनिराम, रामलाल चौधरी, शंकर निषाद, प्रेमलाल चौधरी, रामाशंकर चौधरी, रामजी चौधरी, बाल गोविंद चौधरी, शिव लखन चौधरी, किशोर चौधरी, सत्यभान चौधरी सहित आदि सदस्य उपस्थित थे।

### पाटन कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित




**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकार स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में, रेड क्रॉस ब्लड बैंक डीकेएस हॉस्पिटल परिसर रायपुर के सहयोग से एकदिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। महाविद्यालय यूथ रेड क्रॉस सोसायटी व कार्यक्रम संयोजक डीके भारद्वाज ने प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा व ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. सत्यनारायण पांडे व उनकी टीम को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने अपने उद्बोधन में रक्तदान कार्यक्रम के उद्देश्यों का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे द्वारा किये गए रक्तदान से जरूरतमंद के जीवन को बचाया जा सकता है, शिविर में प्राध्यापकगण शैलेश मिश्र, डॉ. गौरव शर्मा, जितेंद्र मंडावी, अतिथि प्राध्यापक चंद्रशेखर देवांगन, मनमोहन साहू, परमानंद सिन्हा, कार्यालय से प्रदीप चेलक, झनक सिन्हा, गणमान्य नागरिकों में सरजू साहू, जितेंद्र कश्यप, मनीष देवांगन व छात्र-छात्राओं मे देवेंद्र वर्मा, उमाशंकर निर्मलकर, आयुष टिकरिहा, अनमोल शर्मा, तीरथ निषाद ने रक्तदान किया।

## बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करना हैः विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

प्रयास आवासीय कन्या विद्यालय दुर्ग में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया और विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की

- कार्यक्रम में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित

कामना की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता छात्राओं, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया गया, प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन किया गया। जिसमें बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशीष गुप्ता प्रशासकीय अधिकारी, डीपीओ अजय शर्मा, डीपीओ आर जाम्बुलकर, उषा झा परियोजना अधिकारी ग्रामीण, अनीता सिंह परियोजना अधिकारी शहरी, बबीता यादव पार्षद, हेमंत सिंह




असिस्टेंट कमिश्नर ड्राईवल, मुकेश रावटे एडिशनल कलेक्टर, मोनिका वर्मा कमिश्नर नगर निगम रिसाली, बजरंग दुबे सीईओ जिला पंचायत दुर्ग और प्रयास आवासीय विद्यालय के सभी शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि आज मैं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यहाँ आया हूँ। यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो हमारी बेटियों के भविष्य को आकार देने में मदद करेगा। बेटी पढ़ाव बेटी बचाओ कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी बेटियों को शिक्षा और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम हमारी बेटियों को उनके अधिकारों और संभावनाओं के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा। हमें अपनी बेटियों को शिक्षा और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्थन देना चाहिए। आगे विधायक ने कहा आज मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि आप अपनी बेटियों को शिक्षा और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के लिए काम करें। आइए हम अपनी बेटियों को उनके भविष्य को आकार देने में मदद करें।

**बिजनेस साइट**

## उदय कॉलेज में हुआ खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में 26 नवंबर से 29 नवंबर तक चार दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण कौशल विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो स्वरोजगार व रोजगार के लिए फलों एवं सब्जियों से बने उत्पादों को प्रसंस्करण एवं परिरक्षणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रथम दिवस को पपीते की कैंडी फ्रूटी, रूड आवला, नींबू शरबत प्रसंस्करण के बारे में बताया गया। द्वितीय दिवस को टॉमेटो सॉस, सब्जियों का मिक्स आचार, गोभी, मटर, गाजर आवला जूस प्रसंस्करण के बारें में बताया गया। तृतीय दिवस को फ्रूट जैम, मटर को फ्रीज करना बताया गया। चतुर्थ दिवस को इमली चटनी, जैम बनाने के बारें में बताया गया।

आनंद एजुकेशन सोसाइटी से वीएन प्रेमानंद राव, नीतू, यशवंत ठाकुर, नीरज ने छात्र-छात्राओं को फलो एवं सब्जियों से बने उत्पादों के प्रसंस्करण एवं परिरक्षणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिये एवं बीएड छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य जिसमें बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापक चंचल, दीपा मिश्रा, ग्रुप, बीएड तृतीय सेमेस्टर से भूमिका ग्रुप ने प्रस्तुति दिया। प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने चार दिवसीय प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए खारा प्रसंस्करण एवं परिरक्षण जो कि स्वरोजगार व रोजगार के अवसर प्रदान करता है, जिससे नवयुवक अपने जीवन निर्वाह का साधन भी बना सकते हैं एवं उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। प्रमाण पत्र वितरण के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. कलावती राव, डॉ. प्रभा साहू, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. हेमंत जैन, प्रभा प्रसाद, पूर्णिमा साहू, रंजना त्रिपाठी, खूशबू वर्मा, रेशमी बानो, अनिता साटू, कल्पना गुप्ता, सतनाम सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## मटंग में पंथराम की पांचवीं पुण्य तिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेलूद

पाटन अंचल के प्रसिद्ध सर्वोदयी नेता स्वर्गीय पंथराम वर्मा की पांचवी पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम मटंग में मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल व अध्यक्ष पाटन पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशन हिरवानी थे। विशिष्ट अतिथि सरपंच डेगेश्वरी वर्मा ,



ललित बघेल व मुख्यातिथि अमित बघेल ने पंथराम वर्मा के भूदान के लिए किए गये कार्यो का उल्लेख किया व युवाओं को गांव के प्रति सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहने व महिलाओं का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं व महिलाओं से शराब मुक्त गांव बनाने की बात कही साथ गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा व मार्गदर्शन देने के लिए आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में हेमंत वर्मा, लोचन वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, ललित वर्मा, दानेश्वर वर्मा, शिव वर्मा, लता मढरिया, सरोजनी वर्मा, चंद्रकला बिजौरा, देहुति वर्मा, सरिता वर्मा आदि उपस्थित थे।




**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202411101000056**

विषयः-ब-121 सन्:-2024-2025

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

छावनी प.ह.न. 00047 [(हे.) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार जयनाथ साहनी, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक - जयनाथ साहनी पिता/पति/विभाग-रामज्ञा साहनी पता-श्रमिक नगर छावनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पुत्री तानिया साहनी का जन्म दिनांक 11/05/2005 को स्थान श्रमिक नगर छावनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। ०२ प्रकरण दर्ज हो। ०३ इश्तहार का प्रकाशन हो ०४ दो गवाह का कथन अंकित किया जावे।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/11/2024 को जारी किया जाता है।

Prafull Kumar Gupta
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202412101700004/**

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषयः- अ-6 सनः- 2024-2025

आगेसरा प.ह.न. 00056

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार - अश्वनी बाई

अनावेदक पक्षकार- अजय कुमार साहू, छबलूराम साहू, अश्वनीबाई, कलिन्द्री साहू, शांतीबाई, जागेश्वर साहू,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व आम जनता एंव ग्राम आगेसरा प.ह.नं. 56 को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक छबलू राम साहू पिता स्व. व्यासराम ग्राम आगेसरा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम आगेसरा प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. जामगांव आर तह. पाटन जिला दुर्ग मे स्थित भूमि ख.न. 150/3, 150/5, 152/3 रकबा 0.20, 0.12, 0.24 हे. कृषि भूमि शामिलात खाता में राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है। शामिलात खाता मे से शांति बाई का दिनांक 19.07.2024 को निधन हो गया है। उक्त शामिलात खाता मे मृतक का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र मय दस्तावेज पेश आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.12.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
MAMTA TAWARI
नायब तहसीलदार, जामगांव आर
तहसील पाटन, जिला-दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202412101700003/**

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषयः- अ-6 सनः- 2024-2025

आगेसरा प.ह.न. 00056 [817(0.12000)हे.]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार - अश्वनी बाई

अनावेदक पक्षकार - शिवकुमार, कलिन्द्री, रूपकुमार, अश्वनीबाई. आशुमति, कमलाबाई, छबलूराम, जागेश्वर, जानकीबाई, शांतीबाई, अजय कुमार,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व आम जनता एंव ग्राम आगेसरा प.ह.नं. 56 को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदिका अश्वनी बाई साहू पति स्व. व्यासराम साहू निवासी ग्राम आगेसरा प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. जामगांव आर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम आगेसरा में स्थित भूमि ख.न. 817 रकबा 0.12 हे. भूमि शामिलात खाता में राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि मे सह खातेदार मे से शांतीबाई का मृत्यु दिनांक 19.07.2024 को हो गया है। उक्त शामिलात खाता मे मृतक का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र मय दस्तावेज पेश आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.12.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
MAMTA TAWARI
नायब तहसीलदार, जामगांव आर
तहसील पाटन, जिला-दुर्ग





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफीः आईआईएमएम ने एनआईपीएम को 37 रनों से हराया

## तीन विकेट लेने वाले आशीष कुमार रहे मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी का तीसरा क्वाटर फाइनल मैच आईआईएमएम और एनआईपीएम के बीच खेला गया। मैच में आईआईएमएम ने एकतरफा जीत हासिल की। विरोधी टीम एनआईपीएम को 37 रनों के अंतर से हरा दिया। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने टॉस कराया। एनआईपीएम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। अपने निर्धारित 15 ओवरों में आईआईएमएम की टीम ने 9 विकेट खोकर 126 रन का स्कोर खड़ा किया। जनमेश ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 28 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें 3 आसमानी छक्के एवं 5 चौका शामिल थे। इसके जवाब में एनआईपीएम ने अपने निर्धारित ओवर में 07 विकेट खोकर मात्र 89. रन ही बना सकी। आईआईएमएम ने 37 रनों से मैच जीता। आईआईएमएम के आशीष कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 9 रन देकर 03 महत्वपूर्ण विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन आफ द मैच की ट्राफी ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने प्रदान की। इस मैच के को-आर्डिनेटर रेमी थॉमस, एके चौरसिया, डीके कश्यप एवं पियूष सेन थे।



### आगामी दिनों में होना है फाइनल मुकाबला

डायरेक्ट इंचार्ज ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आगामी दिनों में होना है। मैच को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों में खासा उत्साह है। गुरुवार को हुए मैच में अम्पायर आनंद करलकर, राधेश्याम अमित हरपाल थे। स्कोरर विनोद देवघरे एवं संदीप वर्मा थे। कमेंट्रेटर अभय मोहरिल एवं प्रीतपाल सिंह पिच क्यूरेटर आजाद अहमद थे। इन मैचों के दौरान ओए के जोनल प्रतिनिधि, डीपीएस बरार, पियूष सेन सहित ओए सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण जागरुकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) द्वारा 27 नवंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित पर्यावरण जागरूकता माह के तहत आरईडी सभागार में पर्यावरण जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग के सभी अनुभागों के कर्मचारियों सहित ठेका कर्मियों ने भी प्रश्नोत्तरी में भाग विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास उपस्थित थे। महाप्रबंधक राजेश गर्ग, उप महाप्रबंधक सतीश कुमार अग्रवाल,कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पांडे निर्णायक के रूप में उपस्थित थे । श्री गर्ग ने परिणाम घोषित किया। राकेश सिंह ठाकुर ने पर्यावरण जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया। मोहित कुमार ने पर्यावरण जागरुकता पर जोर दिया। सहायक महाप्रबंधक अमित रॉय ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया और राकेश सिंह ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।आयोजन समिति के सदस्य सहायक महाप्रबंधक मालिनी परगनिहा, प्रबंधक फिलोमिना एक्का,राहुल सरकार व अनिमा ओराम भी उपस्थित थे।

## निधन

### रामबाई विश्वकर्मा



**भिलाई।** गया नगर दुर्ग निवासी रामबाई विश्वकर्मा उम्र 76 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमंत, ललित, लक्ष्मी नारायण, वेद प्रकाश की मां एवं रघुनंदन की चाची थीं।

### बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग ने सेक्टर-5 में चलाया अभियान

# ट्विनसिटी में बेदखली कार्रवाई, अनफिट आवासों में जमें 37 परिवारों को खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी की नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा गुरुवार को बेदखली की बड़ी कार्रवाई की। इनफोर्समेंट टीम ने अनफिट आवासों में लंबे समय से जमे 22 परिवारों को खदेड़ा। एक दिन पहले सेक्टर-6 में 15 आवासों से कब्जा हटाया था। उनके अतिक्रमण को तोड़ा, साथ ही दोबारा कब्जा किए जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। संयंत्र प्रबंधन की संम्पत्तियों (भूमि एवं आवासों) से अवैध कब्जाधरियों को बेदखल किए जाने और कब्जा हटाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसके तहत गुरुवार को प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने सेक्टर–05 के सड़क न.–06 के ब्लॉक क्रमांक 01 तथा 02 के अवैध कब्जाधारियों से आवास को खाली कराया। इस दौरान कुल 22 आवासों के अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर आवासों को कब्जामुक्त कराया गया।

बता दें कि बीएसपी के अनिफट आवासों में कब्जेधारी बेखौफ जमे हुए हैं। संयंत्र द्वारा उन्हें लगातार नोटिस जारी किया जा रहा है। कार्रवाई की जा रही है, इसके बाद भी वे नहीं हट रहे हैं। आवासों को संयंत्र प्रबंधन द्वारा निवास हेतु अनफिट घोषित किया गया है। इसमें निवास करना जोखिम भरा हो सकता है। जान–माल के नुकसान की भी संभावना है। प्रबंधन द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसमें निवासरत लायसेंसी आबंटियों को अन्यत्र आवास आबंटित कर शिफ्ट किया जा चुका है। इन खाली आवासों में अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर उपयोग किया जा रहा था। इनमें से कुछ लाइसेंस आबंटियों द्वारा अन्यत्र आवास आबंटित होने के बावजूद अनफिट आवास को अनाधिकृत रूप से कब्जे में रखा गया था।

### अनफिट आवासों में बेखौफ जमे हैं कब्जेधारी



### एक दिन पहले सेक्टर-6 में कार्रवाई

एक दिन पहले इन्फोर्समेंट की टीम ने सेक्टर-6 में कार्रवाई की। टीम ने अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली कार्रवाई करते हुए दोबारा कब्जा होने से बचाने इन अनफिट आवासों के खिड़की दरवाजे इत्यादि को निकाला दिया है। प्रवर्तन अनुभाग द्वारा 04 दिसम्बर को भी सेक्टर–06 एवेन्यू तथा अन्य सेक्टर्स से 15 आवासों से कब्जाधारियों से आवास को खाली कराया गया। इस प्रकार आज व कल में 37 आवासों को कब्जामुक्त कराया गया है।

### जुलाई माह में 611 कब्जे हटाए, फिर कब्जे

जानकारी के मुताबिक इन्फोर्समेंट की टीम ने अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। जुलाई माह में करीब 611 कब्जे हटाए गए थे। इसके बाद पुनः कब्जों की समस्या सामने आई है। संयंत्र प्रबंधन अवैध कब्जा कर निवासरत सभी अवैध कब्जेधारियों को निर्देशित करती है कि अगर वे कार्रवाई से बचना चाहते हैं, तो तत्काल अपने आवास को स्वतः रिक्त कर दें। अन्यथा उन पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लास्ट फर्नेस-6 को कैपिटल रिपेयर के बाद फिर किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- डिमांड को पूरा करने में होगी आसानी

बीएसपी के कैपिटल रिपेयर के बाद गुरुवार को ब्लास्ट फर्नेस-6 के स्टोव हीटिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। निदेशक प्रभारी अनर्बिान दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस-6 को लाइट अप कर स्टोव हीटिंग प्रक्रिया की शुरूआत की। व्यापक कैपिटल रिपेयर के बाद यह ब्लास्ट फर्नेस-6 के 5 वें अभियान की शुरुआत को चिन्हित करता है।

इस अवसर पर बीएसपी अधिकारी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अरुण कुमार, तापस दासगुप्ता, मनोज कुमार सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ब्लास्ट फर्नेस 6 टीम के सुरक्षित और कुशल कामकाज की कामना की। स्टोव और हॉट ब्लास्ट के मेन सिस्टम के कैपिटल रिपेयर कार्य में कार्बन और ग्रेफाइट ब्लॉकए फर्नेस बेस प्लेट और फर्नेस शेल की संरचनात्मक मरम्मत और प्रतिस्थापना और स्टैक रफ्रैक्टरी की रीलाइनिंग शामिल हैं ब्लास्ट फर्नेस-6 में उत्पादन को और बेहतर करने के लिए 5वां अभियान शुरू किया गया है। बीएफ-6 की सफल मरम्मत और स्टार्ट अप भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाए रखने और गुणवत्तायुक्त इस्पात की बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**भिलाई।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के भिलाई आगमन पर भिलाई निवास में छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीजू एन्थोनी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष से भेटकर स्वागत किया। वहीं जिले में धान खरीदी में हो रही अनियमितता की जानकारी दी तथा किसान भाइयों की पीड़ा क़ो समझने एवं सक्षात अवगत होने उतई -खोपली धान खरीदी केंद्र गए, उन्होंने जिले के किसानों को आश्वस्त कराया कि किसानो को हो रही असुविधा के लिए सदन मे आवाज उठाएंगे।

# नंदिनी एयरपोर्ट चालू करने उड्डयन मंत्री से मिले सांसद



**भिलाई।** भिलाई स्थित नंदिनी एयरपोर्ट को पुनः चालू तथा और विकसित करने के लिए राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री भारत सरकार से दिल्ली में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा एवं चंदूलाल साहू पूर्व सांसद मिले।

सांसद बघेल ने बताया कि जिसे भिलाई एयरपोर्ट भी कहा जाता है जो भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड सेल के स्वामित्व में है वर्तमान में बंद स्थिति में है। यह एयरपोर्ट मुलतः भिलाई स्टील प्लांट के निजी उपयोग के लिए विकसित किया गया था लेकिन 1998 में हुई एक विमान दुर्घटना के बाद से इसे बंद कर दिया गया और वर्तमान में इसका बुनियादी ढांचा जर्जर स्थिति में है। सैकड़ों एकड़ खाली भूमि इसके विस्तार के लिए उपयोगी है। भिलाई क्षेत्र के विकास में एयरपोर्ट की भूमिका औद्योगिक और आर्थिक महत्व है। इस कदम से न केवल भिलाई बल्कि दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीर धाम और अन्य आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। इस विकास कार्य के लिये राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन दिया है।

# अललजीज बिरयानी रेस्टोरेंट में अवैध कब्जा, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दस दिन पहले खाने में पाया था इल्ली
- कार्रवाई नही होने पर होगा निगम का घेराव
- खाद्य विभाग पर उठ रही उंगली

जुनवानी स्थित अललजीज बिरयानी रेस्टोरेंट के अवैध कब्जे को लेकर दुर्ग कलेक्टर से लिखित शिकायत किया गया है।शिकायतकर्ता युवा समिति के अमित सिंग, सूर्य प्रकाश और अभिषेक भगत ने आरोप लगाते हुए बताया कि 20 नवम्बर को अनुविभागीय दंड अधिकारी द्वारा अललजीज बिरयानी रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण भी किया था। जांच में यहां सब अनहाईजिंक पाया गया था। इसके बाद भी अब तक अललजीज बिरयानी पर नगर निगम और खाद्य विभाग की मेहरबानी ही चल रही है। इसके अलावा संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि एक छुटभैया नेता इसे बचाने में जी जान से लगा हुआ है। उस पर चोरी के मामले कार्रवाई भी हो चुकी है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि समय रहते उक्त बिरयानी रेस्टोरेंट के खइलाफ कार्यवाई नहीं करने पर आगामी दिनों में निदम का घेराव किया जाएगा। गौरतलब हो कि दस दिन पहले अललजीज बिरयानी में खाने पहुंची युवती के प्लेट से जिंदा ईली मिलने से काफी बवाल हुआ था। बावजूद उक्त रेस्टोरेंट पर मेहरबानी चल रही है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत संगठन में राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वेलफेयर बिल्डिंग -1 में स्थित विद्युत संगठन के सभागार में विगत दिनों राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुई । मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्णकुमार थे और महाप्रबंधक प्रकाश ने अध्यक्षता की । इस अवसर पर महाप्रबंधक एस लक्ष्मी, एके डे, मानस रंजन रथ, आरआर ठाकुर, उप महाप्रबंधक अनुरोध दाढ़े, सहायक महाप्रबंधक एसके दास, उप प्रबंधक अभिलाषा पेठे, कनिष्ठ प्रबंधक चुनेश्वर कुमार नायक,संजय कुमार कौशल चन्द्र शेखर साहू, आशा गोखले, गुलाब चंद महेश्वर, जेईए मिथिलेश कुमार साहू, चार्जमेन पीके होता, टेक्निकल असिस्टेंट नीतीश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।विभागीय प्रतिवेदन विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारीरंजन कुमार पंडा ने पढ़ा। सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा में एक प्रतियोगिता में अधिकारियों औरकर्मचारियों ने भाग लिया।

# गौठानों में पशुओं की सेहत जांच रहे हैं वेटनरी डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- मवेशियों की अनायास हो रही मौत के बाद निगम प्रशासन की पहल

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दो काजी हाउस संचालित हो रहे हैं। एक डी मार्ट के पास, दूसरा कोसा नाला में दोनों में सैकड़ों आवारा पशुधन रखे गए हैं। डी मार्ट में बछड़े, सांड आदि मवेशी रखे गए है। कोसानाला में गाय व भैंसों को रखा गया है। पशुओं के चारे, पानी, इलाज की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

बहुत से दुर्घटना से ग्रसित जानवर आपस में लड़कर घायल, बीमारी अवस्था में है, उन्हे लाकर भारती कर दिया जाता है। घायल व बीमार पशुओं को इलाज के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग को पत्र लिखकर चिकित्सा दल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसी अंतर्गत संचालक पशु चिकित्सा विभाग द्वारा तीन सदस्य डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। जो दोनों कांजी हाउस में जानवरों का इलाज कर रहे हैं। बीमारी से यदि जानवरों की मृत्यु होगी तो उसका भी पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिससे यह ज्ञात हो सके जानवरों की मृत्यु किस कारण से हुई है। पशुओं के चारे के लिए ग्रामीण क्षेत्र से पर्याप्त मात्रा में पैरा, कुट्टी मंगाया गया है। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए बोर चालू किया गया है। हरे चारे की व्यवस्था की गई है। जिससे पशुओं को किसी प्रकार का तकलीफ ना हो।

चिकित्सा दल को प्रत्येक दिन आकर के शहरी काजी हाउस में जानवरों का इलाज करने का निर्देश मिला हुआ है। वे अपने दायित्वों का संपादित कर रहे हैं, इलाज के दौरान बताया गया कि बहुत से लोग खाने की सामग्री के साथ झिल्ली फेंक देते हैं। जानवर उसे खा लेते हैं इससे उनका पेट फूल जाता है। बीमार हो जाते हैं, नाक से पानी गिरने लगता है उनका इलाज मुश्किल हो जाता है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग–भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

### विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन और पत्रोपाधि अभियंता के मध्य वार्ता में बनी सहमति

# यूनियन की जानकारी के बाद प्रबंधन ने आपूर्ति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बिजली कंपनी के डगनिया मुख्यालय मेंडिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और पत्रोपाधि अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इसमें पत्रोपाधि अभियंता संघ के सदस्यों द्वारा कंपनी प्रबंधन से विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य रूप से जोन, सबडिवीजन, वितरण केंद्रों एवं एचटी मेंटेनेंस में रिक्त पदों के स्थान पर कुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। इस पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक निर्णय लेने आश्वासन दिया गया। वितरण केंद्र, उप संभाग एवं जोन में ओएंडएम मटेरियल एवं सुरक्षा सामग्रियों की कमी को दूर करने आग्रह किया गया। फील्ड में मांग के अनुरूप 63/100/200 केवीए का ट्रांसफार्मर की कमी होने की जानकारी दी गई। एवं मांग की गई की प्रत्येक जोन ,सबडिवीजन में सभी रेटिंग का ट्रांसफार्मर इंप्रेस के रूप में उपलब्ध कराया जाने की मांग रखी गई।

### यूनियन प्रतिनिधियों ने कई समस्याएं गिनाई

सदस्यों ने कहा कि वितरण केंद्र, सब डिवीजन एवं जोन में लगे एफओसी वाहन जिसमें 2000 किलोमीटर लिमिट तय किया गया है। उपरोक्त लिमिट को बढ़ाया जाए। एसएपी सिस्टम में बल सुधार संबंधित जटिलताओं के बारे में प्रबंधन को अवगत कराया गया। इस पर संभाग स्तर पर सभी कैटेगरी के बिल सुधार एवं अन्य जटिलताओं को शीघ्र दूर करने आग्रह किया गया। सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं से अस्थाई कनेक्शन की बकाया राशि वसूली शीघ्र निरस्त करने प्रबंधन से मांग रखी गई। वितरण केंद्र स्तर पर 5 किलो वॉट तक कनेक्शन कनिष्ठ अभियंता को अधिकृत करने अनुरोध किया गया है।



### सहायक अभियंताओं की जांच लंबे समय से लंबित

सदस्यों ने कहा कि सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की विभागीय जांच लंबे समय से लंबित है। प्रबंधन द्वारा इसे गंभीरता से लिया जाए। 3 महीने के अंदर सभी लंबित जांच को पूर्ण करने प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया है। कनिष्ठ व सहायक अभियंता के पदोन्नति के संबंध में भी शीघ्र आदेश जारी करने प्रबंधन से मांग रखी। ट्रांसफर रिपेयरिंग के लिए 1 हजार की लिमिट को बढ़ाने कहा।

### सभी मांगों के निराकरण का आश्वासन

प्रबंधन की तरफ से अधिकारियों ने सभी मांगों का निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया गया।बैठक मे कंपनी प्रबंधन की ओर से भीम सिंग कवर प्रबंध निदेशक डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी, एसआरबी खंडेलवाल, पत्रोपाधि अभियंता संघ से बीबी जायसवाल प्रान्तीय अध्यक्ष, समीर पाण्डेय प्रान्तीय महासचिव, वीके खाण्डेकर संरक्षक, श्रीकांत बड़गैया वरिष्ठ सलाहकार, गुलाब साहू केंद्रीय संगठन सचिव, राजेन्द्र गिरि सचिव, कोमल साहू सचिव सहित अन्य मौजूद थे।